### अग्रवाल युवा मंच तत्पर



अग्रवाल समाज और उसके युवा मैराथन के लिए लंबे समय से तैयारी कर रहे हैं. आगामी 17 दिसंबर को दौड़ने के लिए अग्रवाल युवा मंच पूरी तरह तैयार है. स्वास्थ्य और मनोरंजन से भरपूर इस कार्यक्रम में बीते वर्ष भी उत्साह के साथ आगे आए थे और इस वर्ष भी अधिक से अधिक युवाओं तक संदेश पहुंचाना हमारा प्रयास है.

**नवनीत भारतीया, अध्यक्ष अग्रवाल युवा मंच**

## हम भी हैं जोश में...

Brought to you by SAFFRON LANDMARKS
Aurangabad Maha Marathon
A LOKMAT INITIATIVE
21km
17 Dec 2017
Associate Sponsor riSO 100% Ricebran Oil
Powered by DHOOT TRANSMISSION

#MahaMarathon /MahaMarathon



औरंगाबाद में बुधवार को लोकमत भवन में लायंस क्लब ऑफ औरंगाबाद सिटी की ओर से (बाएं से) विशाल लदनिया, मनोज पाटनी, चेतन अग्रवाल, सचिन देशमुख, अभिजीत जैन (अध्यक्ष), राघवेंद्र बगड़िया, शीतल अग्रवाल(कोषाध्यक्ष), एड अनूप धानुका, दीपेश पारकर, हरीश अग्रवाल.




औरंगाबाद में बुधवार को लोकमत भवन में ग्रीन सेल्स एनर्जी सिस्टम प्रालि की ओर से (बाएं से) बापूराव राखंडे, सुभाष चांदणे, रमेश राजोले, चेतन लोखंडे, मोहन शिखरे, गणेश पारवेकर, अभिलाष चांदणे.

# सेहतमंद शरीर से सकारात्मक बनती है सोच



### डॉ पुरुषोत्तम दरख ने की युवाओं से भाग लेने की अपील

**औरंगाबाद | 29 नवंबर | लोस सेवा**

स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति अलख जगाते हुए लोकमत समूह की ओर से 17 दिसंबर को होने वाली 'लोकमत औरंगाबाद महामैराथन' में हिस्सा लेने के लिए समाज के सभी वर्गों में उत्साह नजर आ रहा है. इस महामैराथन में बड़ी संख्या में शहर के चिकित्सक भी शिरकत करने जा रहे हैं.

'लोकमत औरंगाबाद महामैराथन' में हिस्सा ले रहे शहर के चिकित्सक और सकल मारवाड़ी महासभा के अध्यक्ष डॉ पुरुषोत्तम दरख ने फिटनेस और अच्छे स्वास्थ्य की अहमियत पर रोशनी डालते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर और अच्छी सेहत से हम मन, शरीर और आत्मा तीनों पर विजय प्राप्त कर सकते हैं. एक सेहतमंद शरीर से ही व्यक्ति में सकारात्मक सोच भी विकसित होती है. लेकिन अच्छी सेहत तभी संभव है, जब हम इसके प्रति सचेत रहें और शरीर के प्रति लापरवाही नहीं बरतें. स्वस्थ शरीर के लिए सबसे आवश्यक है व्यायाम, और दौड़ना सबसे अच्छा व्यायाम है.

**दौड़ने से मजबूत होती हैं मांसपेशियां व हड्डियां**

डॉ दरख ने कहा कि रनिंग से शरीर की मांसपेशियां और हड्डियों को मजबूती मिलती है और शरीर में ऊर्जा का संचार होता है. साथ ही इससे कार्डिक मसल्स में ऑक्सीजन भी अधिक मिलती है.

उन्होंने बताया कि दौड़ने से न केवल सेहत अच्छी रहती है, बल्कि इंटलेक्चुअल सिस्टम भी विकसित होता है. हम अपने भीतर एक तरह से शांति और सुकून की अनुभूति कर सकते हैं. शरीर और मन अनुशासित होता है. यदि लंबे समय के लिए हमें सेहतमंद रहना है, तो रनिंग आवश्यक है.



औरंगाबाद में बुधवार को लोकमत भवन में सेठ नंदलाल धूत अस्पताल की ओर से (बाएं से) प्रदीप पवार, मुकेश अहिरवार, एमए खान, लक्ष्मीनारायण बाविस्कर, डॉ आनंद डंक, डॉ विराज बोरगांवकर, डॉ शेखर शिराढोणकर, डॉ हिमांशु गुप्ता, डॉ प्रसाद पुंडे, डॉ विजय बोरगांवकर, डॉ राजीव मोहगांवकर, डॉ मनीष पुराणिक, डॉ मधुकर धोंडजी, डॉ सारंग व्यवहारे, डॉ वरुण गवली, डॉ सीके लवांडे, डॉ रंगनाथ काले, मनीषा पाटील, योगिता गाड़ेकर, शीतल वाघमारे.

### ग्रुप बुकिंग के लिए संपर्क करें

महामैराथन में अपना हिस्सा जल्द से जल्द निश्चित करें. इसके लिए पंजीयन लोकमत भवन, रीगल लॉन, जालना रोड में सुबह ग्यारह बजे से शाम पांच बजे तक कराया जा सकता है. स्पर्धा में स्कूल, महाविद्यालय, कंपनी के कर्मचारी, रनर्स ग्रुप भी एकत्रित रूप से पंजीयन करा सकते हैं. मैराथन में पंजीयन कर अधिक से अधिक धावक, नागरिक भाग लें.

**स्पर्धा**

- Half Marathon - 21 Kms
- Power Run - 10 Kms
- Fun Run - 5 Kms
- Family Run - 3 Kms

अधिक जानकारी व ग्रुप बुकिंग के लिए 9921030700, 0240-3021708 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है. महामैराथन में पंजीयन ऑनलाइन भी किया जा सकता है. इसके लिए धावक **www.mahamarathon.com** वेब लिंक पर जाएं.

# जिले में बढ़े डेढ़ लाख मतदाता

### नए पंजीयन के लिए ऑफलाइन व ऑनलाइन सुविधा

**औरंगाबाद | 29 नवंबर | लोस सेवा**

वर्ष 2014 में हुए लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बाद शुरू किए गए मतदाता पंजीयन कार्यक्रम के तहत पिछले तीन सालों में लगभग डेढ़ लाख मतदाता बढ़े हैं. इस तरह हर साल पचास हजार मतदाता बढ़ने का सिलसिला जारी है. अगले चुनाव तक अभी सवा लाख मतदाता और बढ़ने की संभावना है.

नए मतदाताओं को पंजीयन का मौका देने के लिए सालभर कार्यक्रम जारी है. नए लोगों के लिए ऑफलाइन और ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा दी गई है. इससे पंजीयन काफी आसान हो गया है. वर्ष 2014 में जिले में 24 लाख 88 हजार 370 मतदाता थे. 1 जनवरी 2017 को मतदाताओं की संख्या 25 लाख 95 हजार 66 तक पहुंच गई. अक्तूबर-2017 तक मतदाताओं की संख्या 26 लाख 36 हजार 354 तक पहुंच चुकी थी. ग्रामीण परिसर में सिल्लोड़ निर्वाचन क्षेत्र मतदाता पंजीयन में सबसे आगे है.

शहर में पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र में तीन वर्षों में 22 हजार 392 मतदाता बढ़े हैं. इस तरह यहां पर मतदाताओं की संख्या तीन लाख नौ हजार 859 तक पहुंच गई. औरंगाबाद पूर्व

| क्रमांक | निर्वाचन क्षेत्र | मतदाता |
|---|---|---|
| 104 | सिल्लोड़ | 2,99,933 |
| 105 | कन्नड़ | 3,00,421 |
| 106 | फुलंब्री | 3,02,823 |
| 107 | औरंगाबाद मध्य | 2,94,817 |
| 108 | औरंगाबाद पश्चिम | 3,09,859 |
| 109 | औरंगाबाद पूर्व | 2,75,463 |
| 110 | पैठण | 2,78,836 |
| 111 | गंगापुर | 2,85,800 |
| 112 | वैजापुर | 2,88,356 |
| कुल मतदाता | | 6,36,354 |

निर्वाचन क्षेत्र में 13 हजार 708 मतदाता बढ़े हैं. इस तरह यहां पर मतदाताओं की संख्या दो लाख 75 हजार 463 तक पहुंच गई है. औरंगाबाद मध्य निर्वाचन क्षेत्र में आठ हजार 132 मतदाता बढ़े हैं, यहां पर फिलहात मतदाताओं की संख्या दो लाख 94 हजार 817 है.

इस तरह मतदाताओं के बढ़ने का सिलसिला जारी है. वर्ष 2014 में 24 लाख 88 हजार 370 मतदाता थे. जनवरी-2017 में मतदाताओं की संख्या 25 लाख 95 हजार 66 तक पहुंच गई थी. जबकि अक्तूबर-2017 में मतदाता बढ़कर 26 लाख 36 हजार 354 तक पहुंच गए.

### स्थानांतरित मतदाताओं के लिए सॉफ्टवेयर

उप निर्वाचन अधिकारी प्रशांत शेलके ने कहा कि स्थानांतरित मतदाताओं के लिए अक्तूबर से संपूर्ण देश से जुड़ा सॉफ्टवेयर जिला निर्वाचन विभाग से जोड़ा गया है. मतदाता स्थानांतरित होने के बाद के बाद नए सिरे से पंजीयन के लिए आवेदन करता है तो उसके पहले के पंजीयन को लेकर संबंधित निर्वाचन क्षेत्र को सूचना दी जाती है. इसके बाद एक विशिष्ट कालावधि में स्थानांतरित मतदाता का नाम नई सूची में जुड़ जाता है. इससे एक मतदाता एक से अधिक स्थानों पर पंजीयन नहीं करा सकता.

# 'टीए-डीए' के लिए चुनाव लड़ने वालों को पराजित करें

**विवि स्नातक सीनेट चुनाव**

**औरंगाबाद | 29 नवंबर | लोस सेवा**

डॉ बाबासाहब आंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय के सीनेट चुनाव में स्नातक गुट वसंतराव काले मित्रमंडल- विवि बचाव समिति गठित कर अन्नासाहब खंदारे, भाउसाहब राजले केवल 'टीए- डीए' के लिए चुनाव लड़ने वालों को पराजित करने की अपील की. साथ ही डॉ उल्हास उढाण, शिवाजी लकड़े और प्रशांत वार को समर्थन घोषित किया है.

दूसरे चरण में विवि स्नातक सीनेट का चुनाव चार दिसंबर को हो रहा है. इस चुनाव में इच्छुकों की संख्या ज्यादा है. उत्कर्ष, विवि विकास मंच, ऐसे कुल पांच पैनल चुनाव मैदान में डटे हैं. इसमें बुधवार को स्वर्गीय वसंतराव काले के साथ काम चुके अन्नासाहब खंदारे, भाउसाहब राजले, दिलीप बड़े, बुद्धप्रिय कबीर, डॉ मारुति तेगमपुरे, डॉ उमाकांत राठौड़, राजेश मुंडे ने पत्रकार परिषद लेकर उक्त तीनों उम्मीदवार गुट के होने की बात कही.

इस अवसर पर खंदारे ने बताया कि विवि में गत पांच वर्ष से काम की गति ढीली पड़ी है, इसलिए अध्ययनकर्ता व्यक्ति ही सीनेट में चुनकर जाना चाहिए. केवल 'टीए-डीए' के लिए बैठकों को आने वाले को मतदान न करें. इस अवसर पर भाउसाहब राजले बताया कि आंदोलन से जुड़े कार्यकर्ता का अध्ययन होता है, उसे सामाजिक समस्या पता होती है, ऐसे उम्मीदवार को ही चुनकर देना चाहिए. इस अवसर पर पुरोगामी शिक्षक संगठन ने भी फोन कर इन उम्मीदवारों को अपना समर्थन दिया.

# महापौर ने मुख्याध्यापकों को सुनाई खरी-खोटी

## मनमानी के बजाय निजी स्कूलों की तरह पढ़ाएं बच्चों को, सुविधाएं कम न होने देने का दिया आश्वासन

**औरंगाबाद | 29 नवंबर | लोस सेवा**

घटिया शैक्षिक स्तर से जूझ रही मनपा के स्कूलों की जायजा बैठक में महापौर नंदकुमार घोड़ेले ने मनपा स्कूलों के मुख्याध्यापकों को काफी लताड़ा. स्थानीय आमखास मैदान के पास स्थित डॉ बाबासाहब आंबेडकर शोध केंद्र में आयोजित शिक्षा विभाग की जायजा बैठक में महापौर ने स्पष्ट किया कि शिक्षक और मुख्याध्यापकों की मनमानी नहीं चलेगी. मनपा के स्कूलों की यह स्थिति है कि न तो शिक्षक समय पर कक्षाओं में पहुंचते हैं और न ही मुख्याध्यापक. स्कूल में आने वाले बच्चों का ध्यान नहीं रखा जाता. उनकी शिक्षा पर किसी का ध्यान नहीं है. मनपा स्कूलों की गुणवत्ता दिन-ब-दिन घट रही है, इसलिए मुख्याध्यापक और शिक्षकों को चाहिए कि वह शैक्षिक गुणवत्ता पर ध्यान दें.

घोड़ेले ने कहा कि अगर आने वाले समय में स्कूलों का शैक्षिक स्तर नहीं बढ़ता है तो सीधे मुख्याध्यापक पर कार्रवाई होगी. उनका कहना था कि शिक्षा विभाग की हालत काफी खस्ता हो गई है. शिक्षक स्कूलों में कब तक ठहरेंगे, इसका भी कोई समय निश्चित नहीं है. कई शिक्षक तो स्कूल पर ध्यान देने के बजाय नेतागिरी करने में अपना समय व्यतीत करते हैं.

मनपा स्थाई समिति के सभापति गजानन बारवाल ने कहा कि मनपा स्कूलों के लिए लगने वाली सामग्री आदि का पूरा ध्यान रखा जाएगा. पुस्तकालय, प्रयोगशाला और अन्य सामग्री के लिए निधि की कमी नहीं होने दी जाएगी. इमारत से लेकर अन्य सुविधाओं पर भी ध्यान दिया जाएगा. मनपा सभागृह नेता विकास जैन ने भी शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने के साथ ही अन्य जरूरी उपाय योजना पर जोर दिया. शिक्षा समिति की सभापति शोभाताई बुरांडे ने कहा कि शिक्षक बच्चों पर विशेष ध्यान दें और उनका शैक्षिक स्तर बढ़ाएं.

कार्यक्रम की प्रस्तावना मनपा के शिक्षाधिकारी श्रीकांत कुलकर्णी ने रखी. कार्यक्रम का संचालन ज्ञानदेव सांगले ने तथा आभार प्रदर्शन संजीव सोनार ने किया. इस अवसर पर उपायुक्त (प्रशासन) रवींद्र निकम और अन्य उपस्थित थी. कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ज्ञानेश्वर रोड़गे, अंकुश बड़क, दीप्ति साक्रीकर, देवेंद्र सोलुके, किशोर दांड़गे आदि ने परिश्रम किया.



औरंगाबाद में मंगलवार को मनपा स्कूलों के मुख्याध्यापकों की बैठक में मार्गदर्शन करते हुए महापौर नंदकुमार घोड़ेले और अन्य.



औरंगाबाद में एक व्यस्त रोड पर खड़ा पुलिसकर्मी वाहनों का नियंत्रण करने के बजाय खुद ही बीच सड़क पर फोन पर बात करता हुआ.

# चोरों ने किया हमला

**औरंगाबाद | 29 नवंबर | लोस सेवा**

कैंब्रिज चौक के निकट एक होटल में चोरी का प्रयास कर रहे चार चोरों ने रसोइए पर चाकू से हमला कर दिया. सोमवार को घटी इस घटना में रसोइया गंभीर रूप से जख्मी हो गया है.

होटल मालिक कांबले और अन्य नौकर रात बारह बजे के पश्चात होटल बंद कर घर चले गए थे. होटल के एक कक्ष में उत्तराखंड निवासी 30 वर्षीय दिलीप सिंह बहादुर सिंह बिस्त रहता है. रात में चार चोरों ने होटल में चोरी करने का प्रयास किया. आवाज आते ही दिलीप सिंह जग गया और उसने चोरों का प्रतिकार करने का प्रयास किया. एक चोर ने उसके पेट में चाकू घोंपकर गंभीर रुप से जख्मी कर दिया. इस बात की जानकारी होटल मालिक और चिकलथाना पुलिस को मिली तो जख्मी दिलीप सिंह को घाटी अस्पताल में उपचार हेतु दाखिल किया गया है. इस संबंध में सहायक पुलिस निरीक्षक सत्यजीत ताईतवाले ने सीसीटीवी के सहयोग से चोरों की खोजबीन शुरु कर दी है.

# सामाजिक शास्त्र विभाग की इमारत बनती जा रही खतरनाक

**समाज शास्त्र विभाग में मंगलवार को छत ढही, हिंदी विभाग में दरवाजा गिरा**

**औरंगाबाद | 29 नवंबर | लोस सेवा**

डॉ बाबासाहब आंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि वाली 'ह्यूमिनिटी बिल्डिंग' दिनों-दिन खतरनाक होती जा रही है. इस इमारत में समाजशास्त्र विभाग की छत का प्लास्टर ढहने से एक महिला कर्मचारी कल जख्मी हो गई थी, वहीं हिंदी विभाग के स्वच्छतागृह की चौखट पैरों पर गिरने से एक महिला प्रोफेसर को चोट लग गई. मराठी विभाग के स्वच्छतागृह में भी पानी का रिसाव जारी है.

विवि की इस इमारत में 9 विभागों का कामकाज चलता है. इस इमारत के निर्माण कार्य के बारे में कई सवाल खड़े हो गए हैं. एक वर्ष पूर्व इस इमारत का स्ट्रक्च रल ऑडिट किया गया था. जिसमें कहा गया था कि इस इमारत के कुछ हिस्सों की मरम्मत करने की सूचना दी गई थी, लेकिन इस सूचना पर ध्यान नहीं दिया गया. जिससे दो दिन पूर्व घटी घटनाओं के बाद यह इमारत फिर से चर्चा में आ गई है. इस विभाग की ओर इस्टेट अधिकारियों की अनदेखी करने का आरोप विभाग के प्रोफेसरों ने लगाया है. गुरुवार को सभी प्रोफेसर इस संबंध में कुलपति डॉ बीए चोपड़े से मिलेंगे.

Govt Reg.No.7342

**पेन केअर इंस्टीट्युट**

ऑर्थोपेडीक सर्जन द्वारे सल्ला व उपचार



सांधेवात, गुडघेदुखी, मान, पाठ, कंबरदुखी मायग्रेन (डोकेदुखी), फ्रोझन शोल्डर (खांदेदुखी) सायटीका, स्लिप डिस्क, टाचदुखी, टेनिस ऐल्बो हातापायात मुंग्या येणे

अपना बाजार, बाफना ज्वेलर्स समोर, जालना रोड, औरंगाबाद.

9822899660, 9422713387, 9767442040

( कृपया अपॉईंटमेंट घेऊनच येणे ) सोमवार ते शुक्रवार फक्त

## आयोजन • हिना नगर में मुफ्ती जमालउद्दीन साहब का मार्गदर्शन

# 'जश्ने ईद-ए-मिलादुन्नबी' में पहुंचे अकीदतमंद

**औरंगाबाद | 29 नवंबर | लोस सेवा**

अलहाज हजरत मुफ्ती जमालुद्दीन साहब ने कहा कि पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्ल. अल्लाह तआला की तरफ से 'नेअमत' है.

स्थानीय चिकलथाना के हिना नगर में स्थित रजा मस्जिद में 'जश्ने ईद-ए-मिलादुन्नबी'का आयोजन किया गया था. कार्यक्रम की शुरुआत में रजा मस्जिद के 'इमाम' 'हाफिज' व 'कारी' हैदर अली ने 'कुरान' का पाठ किया. इसके बाद जाने-माने शायर और 'कारी' करामत साहब ने हजरत पैगंबर साहब की शान में 'नात' आदि पेश की. करामत साहब की 'नात' को लोगों ने काफी सराहा. इसके बाद अलहाज मुफ्ती जमालउद्दीन साहब ने हजरत मोहम्मद सल्ल. के जीवन पर विचार व्यक्त किए.

मुफ्ती साहब ने कहा कि पैगंबर साहब का जन्म मानवता की भलाई के लिए हुआ है और उनके जन्म दिन को याद करना भी काफी अहम है. उन्होंने 'कुरान' और 'हदीस' की सहायता से 'ईद-ए-मिलादुन्नबी' पर अपने विचार रखे. उन्होंने कहा कि हमारे पिछले लोग भी यह आयोजन करते रहे हैं. उन्होंने कहा कि पैगंबर साहब का आना लोगों के लिए किसी 'नेअमत' से कम नहीं है और अल्लाह तआला 'नेअमत' पर खुशी मनाने की इजाजत देता है. इसके बाद शहजादा बदरे मिल्लत ने दुआ की और कार्यक्रम का समापन हुआ.

कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना निजामउद्दीन साहब ने की. इस अवसर पर शहर और परिसर के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे. कार्यक्रम के अंत में 'सलाम' पढ़ा गया.



औरंगाबाद में मंगलवार को चिकलथाना के हिना नगर में स्थित रजा मस्जिद में आयोजित 'जश्ने ईद-ए-मिलादुन्नबी' में उपस्थित 'उल्मा-ए-किराम' व अन्य.

### कार्यालय का काम टिकट बुकिंग कक्ष से

**औरंगाबाद.** एयर इंडिया कार्यालय में विगत शुक्रवार को बिजली दबाव बढ़ने से विद्युत उपकरणों का नुकसान हो गया था. अचानक बिजली का दबाव बढ़ने से कार्यालय के कम्प्यूटर्स और अन्य सामग्री काम नहीं कर रहे हैं. गत चार दिनों से कामकाज पूरी तरह से बंद रहने के कारण कार्यालय से होने वाली टिकट बुकिंग का काम चिकलथाना हवाईअड्डे के टिकट कक्ष से किया जा रहा है.

**आता प्रथमच सेक्स समस्यांवर अत्याधुनिक विदेशात प्रचलित लेझर व व्हॅक्युम थेरेपी उपचार**

विवाहापुर्वी व विवाहानंतर समस्यांसाठी एम.बी.बी.,एस.एम.डी. डॉक्टरांचा सल्ला
हस्तमैथुन, स्वप्नदोष, विर्यदोष, शिघ्रपतन, इंद्रीय शिथिलता, पुरुष वंधत्व
हायपोगोनॅडिझममुळे इंद्रीय समस्या, मधुमेहामुळे आलेली लैंगिक शिथीलता
ऑलीगोस्पर्मीया : शुक्रजंतुची संख्या कमी असणे. अॅझुस्पर्मीया: शुक्रजंतुची संख्या अजीबात नसणे.



**आशाकिरण क्लिनीक** १९८५ पासुन शास्त्रीयोक्त मार्गदर्शन केंद्र

३८, निराला बाजार, बाटा शोरुम समोर, औरंगाबाद. वेळ - स.११ ते ३ व सायं.७ ते ९ शनिवार रविवार बंद
कृपया अनावश्यक खर्चीक व फसव्या उपचारापासुन सावध मो. 7769856821 9767132521